भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.01.2025

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 31.01.2025 को आरेडिका चिकित्सालय द्वारा वेंकटेश्वर हॉस्पिटल द्वारका, नई दिल्ली के सहयोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. रीतेश सांगुड़ी (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीष कुमार (न्यूरोसर्जन), एंव डॉ. आशुतोष कुमार (यूरोलॉजिस्ट ) के द्वारा चिकित्सालय में आये 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष जांच के रूप में एचबीए1सी, ईसीजी एवं लिपिड प्रोफाइल का परीक्षण किया गया ।

शिविर के उपरांत चिकित्सकों द्वारा महाप्रबंधक महोदय के सभागार में एक गोष्ठी के माध्यम से दिल की बीमारियों की रोकथाम के उपायों, स्वस्थ जीवन शैली, आहार, व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर चर्चा की, साथ ही, मस्तिष्क और रीढ़ की सेहत को बनाए रखने के लिए उचित आहार, योग, शारीरिक व्यायाम और मानसिक संतुलन के महत्व पर भी आवश्क जानकारी प्रदान की।

मण्डल चिकित्सा अधिकारी डा0 दीपक कुमार शाही ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य परीक्षण करना नही, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कराना एवं सजग बनाना है। आरेडिका प्रशासन ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए सभी प्रकार के संसाधनों की व्यवस्था कर कर्मचारी कल्याण का संदेश दिया जिसके फलस्वरूप शिविर का सफल आयोजन संभव हो सका।

## आरेडिका में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हुए सेवा निवृत्त

आरेडिका में आज दिनांक 31.01.2025 को प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्रा सेवा निवृत्त हो गए उनके सेवाकाल में आरेडिका में विद्युत विभाग में कई सुधार किए गए जैसे मेमू रैक के नये मॉडल का उत्पादन, डिजिटल एप के माध्यम से समस्याओं का समाधान, सौर ऊर्जा की क्षमता में क्रम वृद्धि करते हुए लगभग 4 मेगावाट तक किया। महाप्रबंधक सभागार में उच्चाधिकारियों ने श्री चन्द्रा को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किए गये कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया।

31/01/2025

(आर एन तिवारी )

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी